# प्रेस नोट

दिनांक 24.08.2023

# कार्यालय पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व

## लूट का फर्दाफाश विधि से संघर्षरत बालक निरूद्ध

**घटनाः—** दिनांक 22.08.2023 को प्रार्थी रमेश परिहार पुत्र श्री फुलाराम जी जाति सरगरा उम्र 51 साल निवासी खुडाला फालना पुलिस थाना फालना जिला पाली का रहने वाला हुं। मेरे नाम से एक स्वीफ्ट डिजायर कार मॉडल 2016 रजिस्ट्रेशन नम्बर जीजे 18 बीक्यू 7969 है। कल दिनांक 21.08.2023 को रात्री मे करीब 12 बजे मै अपनी उक्त कार लेकर घर फालना से रवाना हो फालना चौराहा पर रुका था जहां पर दो नौजवान लडके खडे थे जिन्होने मुझे पूछा कि भाई साहब जोधपुर जाओगे तो मैने उन्हे कहा कि हा जोधपुर जाऊंगा मगर पहले मै अपने साला जी व उनके लडके को साईड मे स्थित पराखिया गांव से साथ मे लुंगा तो मेरे व उन दोनो नौजवान लडको के मध्य 2000/— रुपये के किराया मे जोधपुर चलने की बात तय हुई थी। मैने कहा कि मै किराया बीच मे गाडी मे डीजल भराऊंगा तब रुपये लूंगा तो दोनो ने कहा कि हमारे बडे पापा का देहांत हो गया हम आपको बनाड गांव मे पहुचते ही किराया के 2000/— रुपये दे देगे। तो मैने अपने सगा साला श्री हरीश पुत्र श्री हीराराम जाति सरगरा निवासी पराखिया पुलिस थाना साण्डेराव जिला पाली व उनका 05 वर्षीय बच्चा रुपेश को साथ लेकर हम तीनो व दोनो लडके मेरी उक्त कार से पराखिया गांव से जोधपुर को रवाना हुए। कार मै स्वंय चला रहा था। मेरे पास वाली सीट पर उनमे से एक आदमी बैठा था। पीछे वाली सीट पर मेरे साला हरीश जी व उनका लडका रुपेश व दुसरा लडका बैठा था। बीच रास्ते किरवा होटल पर चाय पी थी। वहा से रवाना होकर आज दिनांक 22.08.2023 को सुबह करीब 03.15 बजे मैन रोड सालावास पुल के पास स्थित पम्प पर 2000/— रुपये का कार मे डीजल भरवाया था। उसके बाद पेट्रोल पम्प से रवाना हो मैन रोड से वक्त करीब 4.00 बजे नान्दडा कला से पहले तिराया पर पहुचे दोनो ने हमे कहा कि हमारा गांव आ गया है। हमारे बडे पापा का देहांत हो रखा है घर पर गाडी नही ले जानी है। मै मेरे भाई को घर से सामने यही पर मोटर साईकिल पर बुलाकर आपको किराया दे देते है। इसलिए हमने कार वही तिराया पर रोककर कार से नीचे उतर कर चारो ने पेशाब की थी। करीब 05 मिनट तक उनके रिश्तेदारो के आने का इन्तजार किया था। इस दौरान मेरे साथ कार मे अगली सीट पर बैठे लडके ने अपनी पेन्ट की जेब से एक पिस्टल निकाल लोडकर मेरे सामने तानकर हमे कहा कि चुपचाप खडे रहना वरना गोली मार दुंगा। तब हम दोनो डर गये थे। उसके बाद दोनो ने हमे कहा कि आप अपने अपने मोबाइल फोन निकाल कर हमे दे दो तो हम दोनो ने अपने अपने फोन निकाल उन्हे दे दिये थे। मेरे साले का छोटा लडका रुपेश कार मे पिछली सीट पर ही सो रहा था तो उन्होने कहा कि तुरन्त इस बच्चे को सीट हटाओ तो मेरे साले ने अपने बच्चे को अपने पास लिया तब दोनो लडको ने एकदम गाडी चालू कर जिस रास्ते से आये उसी रास्ता की ओर चले गये थे। फिर हम दोनो सवेरे होने से घरो से बाहर आये लोगो से मदद मांगी तथा पैदल पैदल पास ही स्थित होटल पर गये थे। होटल वालो को जगा कर घटना की जानकारी दी। होटल वालो ने एक पिकअप गाडी वालो को रुकवाकर मैन रोड पर भिजवाया था। जहा मैन रोड पर पुलिस की गाडी मिली जिन्हे हमने हमारे साथ लुट की घटना की पूरी जानकारी दी पुलिस वालो ने हमे घटना के मौके पर लाये इस दौरान अन्य काफी पुलिस की गाडीया भी मौके पर आ गयी थी। मेरी कार की डेसबोर्ड की टुल बॉक्स मे 12000/— रुपये नकद रखे थे। मेरा लूट मोबाइल वीवो कम्पनी का फोन जिसमे एयरटेल कम्पनी की सीम नम्बर 9001946128 व मेरे साला हरीश जी के लूट मोबाइल के नम्बर 6355270155 थे। हमे पिस्टल दिखा कर हमारी कार लूटने वाले दोनो लडके नौजवान उम्र के थे जिनमे एक लडके के महेन्दी कलर का शर्ट, ब्लैक पेन्ट, दुसरे लडके के सफेद शर्ट व ब्लैक पेन्ट पहनी थी। जिनको हम आईन्दा शक्ल देखकर पहचान लेगे। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अज्ञात मुलजिमान की तलाश शुरू कि गई।

**कार्यवाही पुलिसः—** श्रीमान् रविदत्त गौड़ पुलिस आयुक्त महोदय के द्वारा जोधपुर शहर हो रही लगातार लूट की वारदातों की घटनाओं की गंभीरता को मध्यनजर रखते हुए वारदातों का खुलासा करने के निर्देशों की पालना में डॉ. अमृता दुहन पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व व श्रीमान नाजिम अली आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व के निर्देशन में तथा श्रीमान पीयूष कविया आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर जोधपुर पूर्व के निकटतम सुपर विजन में मन् थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह नि0पु0 पुलिस थाना बनाड़ के नेतृत्व में आसूचना अधिकारी श्री राजेन्द्र कानि 1870 व श्री महेशचन्द कानि 1347 के द्वारा आसूचना संकलन व वर्तमान में प्रयुक्त तकनिकी साधनों का उपयोग करते हुए पता चला कि दो सदिग्ध व्यक्तियो द्वारा फालना पाली से किराया पर ली गई कार को जोधपुर आने वाले रास्तो पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लूट के दो सदिग्ध व्यक्तियो की पहचान की गई। पहचान के आधार पर विधि के संघर्षरत बालक को निरूद्ध किया गया । विधि के संघर्षरत बालक ने अपने एक साथी अशोक पुत्र श्री मुलतानराम जाति जाट निवासी बिसलपुर पुलिस थाना डागियावास जोधपुर के साथ लूट की वारदात करना स्वीकार किया। विधि के संघर्षरत बालक को प्रकरण संख्या 263/23 की वारदात स्वीकार करने पर बाद अनुसंधान निरूद्ध किया है। प्रकरण के शरीक मुलजिम के दस्तयाबी के प्रयास जारी है।

## गठित टीमः—

1—श्री सुरेन्द्रसिंह नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
2—श्री राकेशसिंह साईबर सैल जिला जोधपुर पूर्व
3—श्री परसाराम सउनि पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व
4—श्री महीपाल हैडकानि 1847 पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व
5—श्री राजेन्द्र कानि0 1870 आसूचना अधिकारी पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व।
6—श्री महेशचन्द्र कानि 1347 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
7—श्री हनुमानसिंह बेनिवाल कानि0 2259 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
8—श्री प्रेमाराम कानि 1390 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
9—श्री सुखदेव कानि 2641 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
10—श्री बिरमाराम कानि 915 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
11—श्री चरणसिह कानि 443 पुलिस थाना डागियावास जोधपुर पूर्व
12—श्री मदनसिंह कानि पुलिस थाना फालना पाली

**नोटः— लूट का खुलासा व विधि के संघर्षरत बालक को निरूद्ध में कानि राजेन्द्र सिलारी 1870 आसुचना अधिकारी पुलिस थाना बनाड़ व महेशचन्द मीणा कानि 1347 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।**

भवदीय
एसडी/—
थानाधिकारी
पुलिस थाना बनाड़
जोधपुर पूर्व